**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 18.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया गया अभियान ।**

**विवरण–** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन मे आज दिनांक 18.06.2025 को यातायात पुलिस द्वारा बाबूलाल चौराहे पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानों का अतिक्रमण, अस्थायी निर्माण एवं सड़क पर खड़े अनाधिकृत वाहनों को हटाया गया। अभियान का मुख्य उदेश्य नागरिकों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आपातकालीन सेवाओं आदि के सुगम संचालन को ध्यान में रखते हुए चलाया गया, साथ ही दुकानदारों एवं राहगीरों को अतिक्रमण से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी गई तथा भविष्य में नियमों का पालन करने की अपील भी की गई। इस दौरान निरीक्षक यातायात श्री संजय कुमार मिश्रा सहित सभी यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।